दिन– मंगलवार दिनांक– 06 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को ईपीएफओ वेतन सीमा संशोधन पर चार महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

02. राज्य सरकार ने मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नये किसानों को अनुदान देने का किया फैसला। छत्तीस हजार तीन सौ पचहत्तर रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मिलेगी सहायता।

03. प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और उपभोक्ता सेवाओं की निगरानी अब मुख्यमंत्री सचिवालय करेगा।

04. और, सर्द पछुआ हवा ने बढ़ाई ठिठुरन। मौसम विभाग ने कहा – अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ को कर्मचारी भविष्य निधि योजना–ईपीएफएस के तहत वेतन सीमा में संशोधन पर चार महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। पिछले ग्यारह वर्षों से इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

कृषि विभाग मखाना की खेती करने के लिए नये किसानों को अनुदान देगा। विभाग के अनुसार यह योजना कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी समेत राज्य के सोलह जिलों के किसानों के लिए लाई गयी है। योजना के अंतर्गत पहले वर्ष के लिए छत्तीस हजार तीन सौ पचहत्तर रुपये की राशि प्रति हेक्टेयर की दर से दी जाएगी। जिसमें पहले बीज की राशि और बाद में पौधारोपण के लिए राशि दी जाएगी। एक किसान को न्यूनतम शून्य दशमलव दो–पांच एकड़ और अधिकतम पांच एकड़ की खेती पर अनुदान मिलेगा।

---

राज्य के किसानों के निबंधन के लिए आज से नौ जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि एग्री स्टैक परियोजना के अन्तर्गत किसानों का निबंधन कराया जा रहा है। इसमें भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि निबंधन के बाद किसानों को कृषि विभाग की केन्द्रीय और राज्यस्तरीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि चौदह जनवरी के बाद से जिला और अंचलवार विभागीय कार्यों की समीक्षा होगी। भागलपुर में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सीएससी सेंटर खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनकल्याण संवाद के दौरान प्राप्त आवेदनों को डिजिटल पोर्टल पर दर्ज कर उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी।

———बाइट———

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की पटना शाखा ने कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्कालीन उप महाप्रबंधक प्रभांशु शेखर की लगभग ढाई करोड़ रुपये से अधिक की चल–अचल संपत्ति जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष दो हजार सोलह से दो हजार बाईस के दौरान प्रभांशु शेखर ने अपने और अपने परिवार के नाम पर लगभग चार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की थी।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पोषक तत्व आधारित सब्सिडी– एनबीएस योजना के तहत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने की नीतिगत पहलों के परिणामस्वरूप फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरक उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अनुसार एनबीएस मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने, फसल उत्पादकता बढ़ाने तथा दीर्घकालिक कृषि स्थायित्व सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

---

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने दो हजार पंद्रह में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इस विशेष श्रृंखला में आज मिशन अमृत सरोवर पर नजर डालते हैं। इसका उद्देश्य है देश में जलाशयों का निर्माण करना और उन्हें पुर्नजिवित करना। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट——

————————————————————————

मुख्यमंत्री सचिवालय राज्य में बिजली की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं की सीधे निगरानी करेगा। बिहार विद्युत विनियामक आयोग के अनुसार आयोग तय समय सीमा के अंदर नये कनेक्शन देने, बिजली बिल से जुड़ी शिकायतों के निवारण समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ऑनलाइन डैश बोर्ड पर लगातार ट्रैक करेगा। लापरवाही साबित होने के बाद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर, आयोग के पटना कार्यालय में आज आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिजली आपूर्ति, बिजली दर और अन्य संबंधित विषयों पर लोग अपनी शिकायत और सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के चलते पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड और कोहरे की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के तीस जिलों में शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है। आज सुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। ग्रामीण इलाकों में घने कोहरे के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। वहीं, राज्य के उत्तर और दक्षिण—पूर्व हिस्सों में कई जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। इधर, पटना और आस—पास के इलाकों में सुबह अच्छी धूप खिलने से लोगों को ठिठुरन से थोड़ी राहत मिली है।

————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने शिवहर जिले के पुरनहिया अंचल के राजस्व कर्मी रामप्रित महतो को दस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। इकाई के एडीजी पंकज दराद ने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारी जमाबंदी में नाम बदलने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। इधर, पटना उच्च न्यायालय ने रिश्वतखोरी के मामले में सजायाफ्ता आयकर विभाग के तत्कालीन टैक्स असिस्टेंट राम नारायण सिंह की अपील को खारिज कर दिया है।

---

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना–आरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने संरक्षित रेल परिचालन के लिए अधिकारियों को हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने आरा जंक्शन पर स्टेशन पुर्नविकास कार्यों की भी समीक्षा की।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पटना उच्च न्यायालय के दो वरीष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार और रितेश कुमार को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। उच्चतम न्यायायल की अनुसंशा के बाद राष्ट्रपति ने दोनों अधिवक्ताओं के नाम को स्वीकृति दी। इन दोनों अधिवक्ताओं का नाम कॉलेजियम के तहत भेजा गया था।

---

कैमूर जिले के करमचट डैम के पास एडवेंचर टूरिज्म–साहसिक पर्यटन का विकास किया जाएगा। पर्यटन विभाग के सचिव निलेश रामचंद्र देवरे ने बताया कि इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जल्द ही लोगों को इस पर्यटन का अनुभव मिलने लगेगा।

---

**और अब खेल की खबरें....**

विजय हजारे ट्रॉफी प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला आज बिहार और मणिपुर के बीच खेला जाएगा। रांची के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले में जीत बिहार का स्थान एलीट ग्रुप में पक्का करेगी। बिहार सीनियर टीम के मैनेजर नंदन सिंह ने बताया कि बीसीसीआई ने इस सत्र से पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी में प्लेट ग्रुप का प्रारूप तय किया है।

---

पटना के सागर कुमार और समस्तीपुर के संदीप कुमार को भारतीय सीनियर पुरूष कबड्डी टीम के शिविर के लिए चुन लिया गया है। पांच जनवरी से बैंगलुरू में शिविर की शुरूआत होगी।

---

नेपाल के विराट नगर में संपन्न तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम ने पुरूष और महिला दोनों वर्गों में नेपाल को पराजित कर दिया। भारतीय टीम ने सीरीज तीन–शून्य से जीत ली।

---

पटना जिले में विभिन्न विभागों में पदस्थापित पच्चीस अधिकारियों पर अनियमितता के मामले में कार्रवाई की अनुसंशा की गयी है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम ने बताया कि एक सौ अठारह मामलों में लापरवाही बरतने के आरोप में आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

---

राजधानी पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र के कंकड़बाग इलाके से पुलिस ने शराब बेचने और पीने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – ट्रंप ने भारत पर और टैरिफ ठोकने की धमकी दोहराई। अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर ऐतराज जताया।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है – बांग्लादेश में नहीं थम रही हिंसा। हिन्दू संपादक की सिर में गोली मारकर हत्या।

प्रभात खबर लिखता है – लालू को हाईकोर्ट से राहत नहीं, सीबीआई को नोटिस।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – झारखंड में ब्लैकलिस्टेड कंपनी को बिहार में ऑनलाइन एग्जाम कराने का ठेका।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को ईपीएफओ वेतन सीमा संशोधन पर चार महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

02. राज्य सरकार ने मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नये किसानों को अनुदान देने का किया फैसला। छत्तीस हजार तीन सौ पचहत्तर रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मिलेगी सहायता।

03. प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और उपभोक्ता सेवाओं की निगरानी अब मुख्यमंत्री सचिवालय करेगा।

04. और, सर्द पछुआ हवा ने बढ़ाई ठिठुरन। मौसम विभाग ने कहा – अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।